# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक: 981/ रा0से0यो0 / एम0एस0यू0 / 2022—23 दिनांक: 18/07/22

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

**विषयः—** **'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत "स्वतन्त्रता सप्ताह" तथा "हर घर तिरंगा" के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग—3, लखनऊ के पत्रांक—1935 / सत्तर—3—2022 दिनांक 15 जुलाई, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के संबंध में बिन्दु निर्धारित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के उक्त पत्र की प्रति संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित हैं कि पत्र में वर्णित निर्देशो का अनुपालन कराते हुए अनुपालन आख्या कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को कार्यालय ईमेल nss@msuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे कि शासन को समय से सूचना प्रेषित की सके।

सलग्नंक— यथोपरि।

भवदीय,

(डॉ0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
2. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।

कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**
**संख्या–1935/सत्तर–3–2022**

प्रेषक,

**मोनिका एस0 गर्ग,**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **कुलपति,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

2. **निदेशक ,**
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक 15 जुलाई, 2022**

**विषयः–"आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत "स्वतंत्रता सप्ताह" तथा "हर घर तिरंगा" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–930/सत्तर–3–2022, दिनांक 07 अप्रैल, 2022, पत्र संख्या–1890/सत्तर–3–2022, दिनांक 13 जुलाई, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से "आजादी के अमृत महोत्सव" की श्रृंखला में अप्रैल, 2022 से अगस्त 2023 तक की सुझावात्मक कार्य–योजना/वार्षिक कैलेण्डर संलग्न कर प्रेषित करते हुए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्य–योजना की उल्लिखित तिथियों में निर्धारित थीम के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2– इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–1468/सत्तर–3–2022, दिनांक 08 जून, 2022 तथा पत्र संख्या–1895/सत्तर–3–2022, दिनांक 13 जुलाई, 2022 द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव"के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम मनाये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये।

3– इसी कम में प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11.08.2022 से 17.11.2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य तथा "हर घर तिरंगा" कार्यकम को सफल बनाये जाने हेतु निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेः–

1. इस अभियान को 'हर घर लहराएगातिरंगा, गूंजेगा 'झण्डा ऊंचा रहे हमारा' स्लोगन से जोड़ा जाये।
2. "हर घर तिरंगा" राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। अध्यापक तथा विद्यार्थी अपने फहराये तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

3. स्वतंत्रता सप्ताह की अवधि में हर सरकारी कार्यालय और शहीद स्मारक पर तिरंगे की आकर्षक लाइटिंग हो।
4. एन0एस0एस0 द्वारा "हर घर तिरंगा" महायोजन से आमजन को जोड़ने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए।
5. इस आयोजन के प्रचार–प्रसार के लिए एन0सी0सी0 व एन0एस0एस0 तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली जाएं।
6. आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में स्वाधीनता दिवस का आयोजन अत्यधिक भव्य व विशिष्ट हो।
7. विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्लोगन व निबन्ध प्रतियोगिता करायी जाये।
8. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) द्वारा तिरंगे के साथ प्रभात फेरी निकाली जायेगी, जिसमें कुछ छात्र आजादी के नायकों के पोशाक में सम्मिलित होंगे।
9. झण्डा गीत 'झण्डा ऊंचा रहे हमारा' के रचयिता कानपुर के श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' थे। इस गीत तथा राष्ट्रभक्ति के गीतों के संकलन आम लोगों को उपलब्ध कराए जाए।
10. आजादी के गुमनाम नायकों की पहचान कर उन्हें नई पीढ़ी से परिचित कराया जाए। हमारी लोककथाओं व लोकगीतों में ऐसे अनेक नायकों की स्मृतियां भी जीवन्त हैं। शोधार्थियों के माध्यम से इनकी खोज/चिन्हीकरण/पहचान कराये जाए।
11. यह सुनिश्चित किया जाए कि राष्ट्रध्वज संशोधित झण्डा संहिता 2021 के अनुसार ही तैयार हों। हमारा राष्ट्रध्वज हमारी 'अस्मिता' तथा 'आन बान शान' का प्रतीक है। अतः राष्ट्रध्वज संहिता के अनुरूप ध्वजारोहण में नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। सरकारी कार्योलयों पर यथासंभव खादी निर्मित राष्ट्रध्वज ही फहराए जाने चाहिए।
12. वरिष्ट साहित्यकारों/लेखकों/गीतकारों को आजादी की लड़ाई, तिरंगा की यात्रा के वारे में लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।
13. आगामी 19 जुलाई को बलिया में शहीद मंगल पाण्डेय की जयंती पर 23 जुलाई को उन्नाव में शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती समारोह, 20 जुलाई को कारगिल विजय दिवस, 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर तथा 19 अगस्त को बलिया में चित्तू पाण्डेय जी के नेतृत्व में स्वतंत्र सरकार के गठन की स्मृति में विशिष्ट आयोजन कराए जाएं।
14. विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला शिविर, नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्वच्छता अभियान आधारित कवि सम्मेलन तथा स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सुसज्जित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये।
15. उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा **'हर घर तिरंगा'** के अन्तर्गत किये गये कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटो आदि को उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट **http://uphed.gov.in/HigherEduDirectorate/DefaultDir.aspx** पर **Login- Azadi ka Amrit Mahotsav Password- High@1234** तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाय।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "आजादी के अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत 'दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य आयोजित किये जाने वाले **'हर घर तिरंगा'** कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

15/7

( मोनिका एस0 गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या:–1935 (1)/सत्तर–3–2022, तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
3. श्री कुमार हर्ष, विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5. प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
7. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
9. विशेष कार्यकारी अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. संस्कृति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( गिरिजेश कुमार त्यागी )
विशेष सचिव।